गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) उग्रवादी दलों द्वारा लोगों में मानसिक भय उत्पन्न करके एक दूसरे उग्रवादी ग्रुप पर आधिपत्य जमाने के प्रयासों के कारण पंजाब में आतंकवादी हिंसा जारी रही । जम्मू और कश्मीर में हिंसा में हाल में हुई वृद्धि, राज्य प्रशासन द्वारा अपना वर्चस्व कायम करने और अलगाववादियों की गतिविधियों को रोकने के लिए सख्ती से पेश आने के कारण हुई । दोनों राज्यों में आतंकवादियों को सीमा पार से प्रोत्साहन तथा मार्गदर्शन भी मिल रहा है।

(ख) इस बारे में कोई निश्चित तारीख बताना संभव नहीं है। कानून और व्यवस्था की स्थिति को सुधारने की दृष्टि से पंजाब तथा जम्मू और काश्मीर की सरकारों द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

Bodo movement

140. SHRI RAM NARESH YADAV: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state what are the demands of Bodo militants' movement; what decision is being taken by Government in that direction; what steps are being taken by Government for precautionary action in this regard; whether Government are aware that there are foreign powers behind this movement; if so, whether any warning has been given to them?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SUBODH KANT SAHAY): Representative Organisations of Bodos/Plains Tribals in Assam have been mainly demanding a separate State on the Northern Bank of River Brahmaputra. Five rounds of discussions between the Government of Assam and All Bodo Students' Union in the presence of Union Minister of Welfare as an observer have been held so far to find an amicable solution to the problems of Bodos/Plains Tribals. The Government of India are not aware of any foreign powers behind the Bodo movement in Assam.

"पाक लाचेंज 10 करोड़ कश्मीर फंड" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार

141. **श्री राम जेठमलानी** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 2 अप्रैल, 1990 के हिन्दुस्तान टाइम्स में "पाक लाचेंज 10 करोड़ कश्मीर फंड" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या यह सच है कि पाकिस्तान इस कोष का उपयोग कश्मीरियों की सहायता के लिये करना चाहता है;

(ग) यदि हां, तो क्या यह सच है कि कुछ कश्मीरी हाल ही में भारत छोड़ कर पाकिस्तान चले गए हैं, यदि हां, तो ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है; और

(घ) क्या यह भी सच है कि पाकिस्तान की मंशा इस कोष का उपयोग कश्मीरी अलगाववादियों को हथियार आदि देने के लिये करने की है ताकि भारत में तोड़-फोड़ की कार्रवाही करवाई जा सके ?

विदेश मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल) : (क) और (ख) जी हां।

(ग) और (घ) जम्मू और कश्मीर में भारत के विरुद्ध आतंकवाद को पाकिस्तान प्रशिक्षण, शस्त्र, उपदेश और धन के जरिए समर्थन देता रहा है।

इस प्रकार की खबरें हैं कि पिछले कुछ महीनों में बहुत से पथभ्रष्ट युवकों को वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार जाकर इस प्रकार का प्रशिक्षण, आदि लेने के लिए उकसाया गया है।